हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 22 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

मौसम का लगातार बदल रहा तेवर
तेंदूपत्ता ठेकेदारों को सताने लगी चिंता
2



## खबर संक्षेप

### उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को 9 हजार 811 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा 33 केन्द्रों में आयोजित होगी। जिसमें 9 हजार 811 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। परीक्षा रविवार 26 अप्रैल को जिले के 33 परीक्षा केंद्रों मे आयोजित की जाएगी। जिसमे 9811 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। यह परीक्षा 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित किया जावेगा। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जायेगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा।

### धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि खोखरा सूर्या चौक के पास रास्ते में एक व्यक्ति धारदार हथियार रखा है और आने जाने वाले लोगों को डरा रहा है। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में तत्काल टीम मौके की ओर रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा खोखरा सूर्या चौक के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम गौरी शंकर सूर्यवंशी निवासी खोखरा बताया। जिसके कब्जे से एक नग धारदार तलवार जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार में स्थित एक मंदिर में बजरंग बली की मूर्ति को खंडित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार 20 अप्रैल को थाना शिवरीनारायण पुलिस की सूचना मिली कि थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम मुड़पार के खेत में बने छोटे मंदिर में स्थापित बजरंग बली की मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंडित कर दिया गया है, जिससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। पुलिस ने मुड़पार निवासी विजय बंजारे उर्फ भोंदू 33 वर्ष से पूछताछ की। उसने मानसिक तनाव में आकर डंडे से मूर्ति को खंडित करने की जानकारी दी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## गांव की बसाहट से होकर रोज गुजरते हैं रेत लोड भारी भरकम वाहन

# अवैध उत्खनन व परिवहन में लगे वाहनों को आक्रोशित ग्रामीणों ने रेत घाट में घेरा, फिर अफसरों को बुलाकर कराई जब्ती

### मरघटी महानदी में चेन माउंटेन और दर्जन भर हाइवा आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



मशीन से महानदी का सीना छलनी करके विशालकाय वाहनों से रोज हो रहे रेत परिवहन के खिलाफ मरघटी के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दरअसल चैन माउंटेन से दिन रात रेत उत्खनन और रोज रोज बसाहट से होकर रेत लोड भारी भरकम वाहनों के गुजरने से तंग आ चुके ग्रामीण बड़ी संख्या में एकजुट होकर रेत घाट पहुंच गए। वहां उत्खनन व परिवहन कार्य में लगी मशीन व गाड़ियों को घेर लिया। उन्होंने इसकी सूचना खनिज विभाग के साथ प्रशासन को दी। जिस पर अधिकारियों की टीम दौडते-भागते मौके पर पहुंची। इस दौरान चैन माउंटेन व 12 हाइवा को जब्त करके कार्रवाई की गई।

मंगलवार 21 अप्रैल को सक्ती जिले के हसौद क्षेत्र अंतर्गत मरघटी के ग्रामीणों ने रेत माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अबकी बार उन्होंने ना तो जिला मुख्यालय जाकर अफसरों को ज्ञापन सौंपा और ना ही फोन पर सूचना देकर किसी से कार्रवाई की फरियाद लगाई। बड़ी संख्या में एकजुट होकर ग्रामीण सुबह महानदी मरघटी रेत घाट पहुंच गए। वहां चैन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन करके भारी भरकम वाहन हाइवा में लोड करने का काम हो रहा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन और परिवहन में लगी गाड़ियों को घेर लिया। इस दौरान अधिकारियों के संरक्षण में रेत का अवैध कारोबार होने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही खनिज विभाग के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी दौडते भागते मरघटी रेत घाट पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों का सीधा आरोप था कि अधिकारियों के संरक्षण में महानदी रेत घाट में अवैध उत्खनन और परिवहन का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन मशीन से रेत उत्खनन करके बड़ी बड़ी गाड़ियों से परिवहन किया जाता है। रेत लोड भारी भरकम वाहन गांव की बस्ती से होकर गुजरते है। जिससे आए दिन हादसे का खतरा होता है। अधिकारी कार्रवाई की औपचारिकता निभाते है ओर इसके बाद फिर से यह कारोबार चलने लगता है। ग्रामीणों का रवैया देखते हुए अधिकारी भी एक बारगी सकते में आ गए। उन्होंने ग्रामीणो को समझाईश देने के साथ ही तत्कालिक तौर पर पकड़े गए चैन माउंटेन को वहीं पर सील कर दिया। तत्पश्चात परिवहन में लगे 12 हाइवा की जब्ती बनाई गई, फिर भी ग्रामीण इस अवैध कारोबार पर पूर्णता रोक लगाने की मांग करते रहे। जिस पर अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### शट डाउन होने के साथ वीरानी, जांच टीम व प्रबंधन के सीमित लोग ही आ रहे नजर

# हादसे के बाद वेदांता प्लांट क्षेत्र में पसरा सन्नाटा, मजदूर गायब, होटल-ढाबे भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- डभरा



प्लांट के सामने छाई वीरानी।

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पॉवर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे के बाद वीरानी छाई हुई है। दरअसल यहां मामले की जांच के साथ प्लांट को शट डाउन कर दिया गया है। ऐसे में प्लांट के कर्मचारी तो पलायन कर ही चुके है। सामने गुलजार रहने वाले होटल ढाबे, रेस्टोरेंट के साथ ठेले खोमचे भी बंद हो गए है।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार 14 अप्रैल को अपरान्ह करीब 3 बजे वेदांता थर्मल पॉवर प्लांट सिंघीतराई में बायलर का प्रेशर पाईप लाइन फटने की घटना हुई थी। इस पाईप लाइन के फटने से 6 सौ डिग्री तापमान में खौलता पानी और भाप पूरे क्षेत्र में फैल गया। इस घटना में 34 कर्मचारी झुलस गए। जिनमें से पहले दिन ही 12 लोगों को मौत हो गई। वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक घायलों को खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत भी गंभीर रही। स्थिति यह बनी कि हादसे के चार दिनों के भीतर ही मरने वालों की संख्या 24 जा पहुंची। इधर इतने बडे हादसे को देखते हुए जिला और राज्य स्तर पर जांच टीमें गठित की गई। केन्द्र और राज्य शासन ने पीडित परिवारों को मुआवजा राशि देने की घोषणा की। प्रबंधन द्वारा भी घोषणा के अनुरूप मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इधर सक्ती कलेक्टर के आदेश पर घटना के बाद पॉवर प्लांट को शट डाउन कर दिया गया। इस तरह की स्थिति में प्लांट में सन्नाटा पसरा हुआ हे। यहां काम करने वाले दिगर प्रांतों के अधिकांश मजदूर पलायन कर चुके है। लोकल मजदूर भी प्लांट छोड़कर अन्यत्र चले गए है। इसका असर प्लांट गेट के सामने संचालित दुकानों में भी दिखने लगा है। यहां संचालित होटल, रेस्टोरेंट और ठेले खोमचे भी बंद हो गए है।

# बायलर हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट उद्योगों में सुरक्षा की हुई समीक्षा

### जिले के पॉवर प्लांट एवं औद्योगिक संस्थानों को सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चांपा



पडोसी जिला सक्ती के वेदांता पॉवर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे के बाद उद्योगों में सुरक्षा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलेक्टर एवं प्रभारी एसपी ने जिले के सभी पॉवर प्लांट और औद्योगिक संस्थानों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सुरक्षा के मापदंडों को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए गए।

मंगलवार 21 अप्रैल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल ने अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, जांजगीर चांपा के सभाकक्ष में जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं पावर प्लांट सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मापदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक उपकरण एवं मशीन की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अग्निशामक यंत्र, फायर अलार्म, मशीनों का उचित संचालन, उपकरण, रखरखाव, बायलर, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा मापदण्ड के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि दुर्घटना की आशंका वाले सभी मशीनों एवं उपकरणों की समय-समय पर अधिकृत रेगुलेटरी एजेंसियों द्वारा अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए, ताकि तकनीकी खामियों को समय रहते दूर किया जा सके। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती पाल ने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। साथ ही प्रत्येक प्लांट में क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर एएसपी उमेश कश्यप, एसडीएम सुब्रत प्रधान सहित उद्योग पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मजदूरी बढ़ाए जाने की मांग को श्रमिक बैठे आंदोलन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



आंदोलन में बैठे हमाल श्रमिक संघ।

एफसीआई अकलतरा में कार्यरत जय श्रीराम हमाल श्रमिक संघ ने हमाली दरों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर कलेक्टर, एसडीएम तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बढ़ती महंगाई, भीषण गर्मी और कठिन श्रम परिस्थितियों का हवाला देते हुए मजदूरी दरों में तत्काल संशोधन की मांग की गई थी।

हमाल श्रमिक संघ के मांग पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर श्रमिकों के द्वारा 21 अप्रैल से एफसीआई गोदाम के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल प्रारंभ कर दिया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से स्टेकिंग कार्य के लिए प्रति लाट निर्धारित राशि तथा रेक लोडिंग में प्रति बोरी मिलने वाला मेहनताना वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। खुले गोदाम परिसर में कड़ी मेहनत के बावजूद श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है, जिससे परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो गया है।ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रत्येक लाट स्टेकिंग व डंपिंग की राशि बढ़ाई जाए तथा रेक लोडिंग कार्य में प्रति बोरी 4 रुपये की दर से भुगतान किया जाए। साथ ही मिलरों द्वारा दिए जाने वाले डंपिंग भुगतान में भी

### लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवागढ़।** लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 मार्च की रात्रि लगभग 2 बजे थाना नवागढ़ की पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम राछाभाटा से सेमरा- बुढ़ेना की ओर पेट्रोलिंग कर रही थी। ग्राम बुढ़ेना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मपुलिस के शासकीय वाहनों पर पत्थर फेंके गए, जिससे दोनों वाहनों के सामने एवं पीछे के शीशे टूट गए। घटना के पश्चात आरोपी मौके से भागने लगे थे। पुलिस ने अनीश यादव, साहिल यादव, राज कश्यप, सुखराम कश्यप एवं परमेश्वर यादव सभी निवासी ग्राम बुढेना को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी नीलेश कुमार एवं कार्तिक कश्यप को पकड लिया।




### मांग पत्र सौंपकर शीघ्र व्यवस्था बनाने की मांग

# शहर में विद्युत समस्या को लेकर पालिकाध्यक्ष ने डीई से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कार्यपालन यंत्री से मांगों का ज्ञापन सोंपते पालिकाध्यक्ष।

सक्ती शहर में बिजली की हो रही समस्या के साथ साथ पूर्व में संचालित व्यवस्था को बहाल करने की मांग को लेकर पालिकाध्यक्ष ने विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री से मुलाकात की। इस बीच समस्याओं से अवगत कराते हुए इस पर त्वरित पहल की मांग की है।

ज्ञात हो कि सक्ती शहर में बिजली की समस्या हो रही है। बिजली नहीं हो पाने के कारण लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर मंगलवार 21 अप्रैल को नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में बिजली समस्या को लेकर कार्यपालन यंत्री (डी) भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया। नगर में लगातार हो रही विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यपालन यंत्री (डी) भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शहर की खराब बिजली व्यवस्था को शीघ्र सुधारने की मांग की गई। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री (डी) भारद्वाज ने कहा कि उनकी हाल ही में सक्ती जिले में पदस्थापना हुई है और वे जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ मिलकर क्षेत्र की विद्युत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेंगे। उन्होंने अडभार सहित चांपा से पूर्व संचालित व्यवस्था को तत्काल बहाल करने की मांग रखी। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के दिनों में सबसे बड़ी समस्या पानी की हो जाती है। टैंकर से जो पानी आम नागरिकों तक पहुंचता है, वह भी बिजली बंद होने के कारण बाधित हो जाता है। बिजली न होने से टैंकर भर नहीं पाता, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि 132 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति मिल चुकी है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा राजस्व विभाग के पटवारी सत्यनारायण राठौर को बुलवाकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा सब स्टेशन हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर सक्ती से निवेदन किया गया। नपा उपाध्यक्ष भरत यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, मुकेश बंसल, मनीष कथूरिया, कालू रघुनाथ, पार्षद लाला सोनी, गोविंद देवांगन, मनोज सोनी, राहुल अग्रवाल, बाबा गेवडिन, सोनू कुरेशी, पीयूष एवं कमलेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ट्रेफिक सिंग्नल में प्रतीक्षा करने वालों को अब तेज धूप व बारिश में नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सभी सड़कों के डामरीकरण, नवीनीकरण हेतु शासन द्वारा राशि स्वीकृत किये जाने के बाद निविदा आदि की कार्यवाही पूरी कर ली गई है, 2 प्रमुख सड़कों के डामरीकरण का भूमिपूजन भी किया जा चुका है, किन्तु ईरान, इजरायल युद्ध के परिणाम स्वरूप डामर मिलने में अत्यंत कठिनाई हो रही है, ठेकेदारों को डामर नहीं मिल पा रहा है, इसके कारण डामरीकरण कार्य में देरी हो रही है, उन्होंने कहा कि जैसे ही डामर की उपलब्धता बनेगी, तेजी के साथ शहर की सड़कों का कायाकल्प कर दिया जाएगा।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसईबी चौक में 32 लाख 30 हजार रूपये की लागत से बनने जा रहे 2 प्रतीक्षा शेड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन के दौरान कही। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत भी उपस्थित रहीं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में आवागमन व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के मद्देनजर ट्रेफिक सिग्नल स्थापित किये गये हैं, इन चौक-चौराहों से गुजरने वाले नागरिकों, वाहन चालकों को ट्रेफिक लाल होने के समय रूक कर प्रतीक्षा करनी होती है, जिससे विशेष रूप से तेज धूप व बारिश के दौरान उन्हें परेशानी होती है, नागरिकों, वाहन चालकों को इस परेशानी से छुटकारा दिलाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में सड़क के ऊपर प्रतीक्षा शेड बनाये जाने की योजना बनाई गई है, प्रारंभ में सीएसईबी चौक में 2 नग प्रतीक्षा शेड बनाये जाएंगे। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि सिग्नल के दौरान चौक-चौराहों में रूकने के दौरान तेज धूप व बारिश से आमलोगों को होने वाली परेशानी से कैसे छुटकारा दिलाया जाए, तब चौक-चौराहों में प्रतीक्षा शेड निर्माण की योजना बनी, जिसके प्रथम चरण में सीएसईबी चौक में 32 लाख 30 हजार रूपये की लागत से 2 प्रतीक्षा शेड बनेंगे, इसके बाद दूसरे प्रमुख चौक-चौराहों पर भी शेडों का निर्माण होगा, उन्होने बताया कि सीएसईबी चौक में आमनागरिकों की सुविधा हेतु सर्वसुविधायुक्त शौचालय भी बनाया जा रहा है, वहीं चौक में स्थित पुराने जर्जर प्रतीक्षालय के स्थान पर सर्वसुविधायुक्त आधुनिक व वातानुकूलित प्रतीक्षालय का निर्माण भी कराया जायेगा।

## चौक चौराहों में बनेगा प्रतीक्षा शेड

**खास बात**

- उद्योग मंत्री व महापौर ने सीएसईबी चौक में 32 लाख से बनने वाले शेड कार्य का किया भूमिपूजन



### सतनामी समाज व किन्नर समाज को मिलेंगे भवन

उद्योग मंत्री एवं महापौर द्वारा सुभाष ब्लाक जैतखंभ के पास सतनामी समाज के लिये 15 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहे सामुदायिक भवन एवं हेलीपेड के पास किन्नर समाज के लिये 10 लाख रूपये से बनने जा रहे भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा में 52 समाजों के लिये उनके अपने भवन निर्मित कराये गये हैं तथा आज लगभग सभी समाजों के लिये उनके अपने भवन उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर मानव सेवा मिशन ने मटका का किया वितरण

**बालको।** समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने प्रशांति वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गजनों का हालचाल जाना। इस दौरान बुजुर्गों को दैनिक उपयोग हेतु राशन सामग्री, सूखा नाश्ता एवं तरबूज प्रदान किए गए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था हेतु चार मटके भी भेंट किए गए। मानव सेवा मिशन के सदस्यों को अपने बीच पाकर बुजुर्गों ने हर्ष व्यक्त किया। संस्था द्वारा इस महीने अपने छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं पूर्व में वनवासी कन्या छात्रावास में निवासरत बच्चियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर न्यौता भोज भी कराया गया था। इसके अतिरिक्त बेजुबान पशुओं एवं पक्षियों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए पानी पात्र वितरित किए जा रहे हैं, जो जीवों के प्रति दया और संवेदना का परिचायक है।

### ग्राम प्रमुख व ग्रामीणों ने की गांव की खुशहाली के लिए अक्ति पूजा



**हरदीबाजार।** पुरानी बस्ती हरदीबाजार में अक्ति त्यौहार के शुभ मुहूर्त पर हरदीबाजार के देव स्थल ठाकुर दीया में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली, समृद्धि की कामना के साथ प्रार्थना की गई। अक्षय तृतीया व शिवजी का वार सोमवार पर भगवान भोलेनाथ पर मिट्टी का मटका चढ़ा कर हवन पूजन कर फल फूल, दुध दही चढ़ा कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिव जी की आरती गायन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर संयोजक राजाराम राठौर, आदित्य राठौर, यशू राठौर, शिवम् राठौर, कान्हा, प्रिंस, बेबी दद्दू, गौंटिया मदन मोहन (बेचू) कंवर, प्रह्लाद बैंगा, रामायण यादव, राजू जयसवाल, आशीष यादव, रामेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, गंगा यादव, कपिल कंवर, पुरुषोत्तम केंवट, खीक यादव,गनपत केंवट, सुरेन्द्र राठौर,मुरित यादव, गुलशन यादव, बंशी यादव, शीतराम यादव, मनोहर महराज, टेकाम कंवर समस्त ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

### गुणवत्ताहीन केबल व बॉक्स से बिजली हो रही बाधित, ग्रामीण परेशान



**चैतमा।** बिजली विभाग द्वारा गांव गांव में केबल बिछाया गया है एवं उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान करने के लिए बॉक्स भी लगाया जा गया है जो की इतना गुणवत्ताहीन है जिसके कारण आए दिन आग लगने की घटनाएं घट रही है और घंटों बिजली बंद हो रही है। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले चैतमा क्षेत्र के कई गांव में बिजली विभाग द्वारा केबल बिछाया गया है एवं बॉक्स लगाया गया है जो स्तरहीन होने के कारण उसमें आए दिन आग लगने की घटनाएं घट रही है। चैतमा सब स्टेशन से 70 से 80 गांव को बिजली सप्लाई होती है किंतु इसे देख-रेख के लिए विभाग द्वारा कहने को तो यहां पर चार लाइनमेन एक संविदा कर्मचारी तथा तीन ठेकेदार के तरफ से बिजली की देखरेख के लिए रखे गए हैं उसमें भी एक कर्मचारी पिछले एक साल से बिना काम का वेतन ले रहा है। दूसरा लाइनमेन महीनों से गायब है बावजूद विभाग द्वारा उसे वेतन दिया जा रहा है जो समझ से परे है। यहां अब तक कनिष्ठ यंत्री की पदस्थापना नहीं हुई है। इस संबंध में सहायक यंत्री नारायण प्रसाद सोनी से पूछने पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था।

### गाड़ियों से हटाई ब्लैक फिल्म किया गया जुर्माना

**कोरबा।** शहर में सडक सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर सघन जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ऐसे वाहनों को रोका गया जिनके शीशों पर नियमों के विरुद्ध काली फिल्म (ब्लैक फिल्म) लगी हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि कई वाहन चालक बिना किसी वैध अनुमति के अपने वाहनों में मनमाने तरीके से ब्लैक फिल्म का उपयोग कर रहे थे, जो न केवल मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी जोखिमपूर्ण माना जाता है। ऐसे वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ वाहन चालकों ने अपने बचाव में विभिन्न तर्क प्रस्तुत किए।

## मई से कोरबा, कटघोरा मंडल में शुरू किया जाना है तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य

# मौसम का लगातार बदल रहा तेवर तेंदूपत्ता ठेकेदारों को सताने लगी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




मई के पहले सप्ताह से जंगलों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाना है। इन दिनों ठेकेदारों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी की जा रही है लेकिन वहीं और दूसरी ओर मौसम के बार-बार बदलते तेवर की वजह से अब तेंदूपत्ता ठेकेदारों को इसकी चिंता सताने लगी है। यदि आने वाले दिनों में मौसम कुछ इसी तरह का बना रहा तो निश्चित तौर पर पत्तों को भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में विभाग को लक्ष्य पूरा करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा मंडल के तेंदूपत्ता की ऑनलाइन नीलामी में देश के विभिन्न राज्यों के ठेकेदारों ने हिस्सा लिया था और मांग के अनुसार खरीदी की थी। अब जंगलों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए धीरे-धीरे ठेकेदार पहुंचने लगे हैं। अप्रैल के इस महीने में लगातार मौसम के तेवर बिगड़ रहे हैं और बारिश का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। ऐसे में ठेकेदारों व वन विभाग को तेंदूपत्ता के क्वालिटी खराब होने की चिंता सताने लगी है। यदि आने वाले दोनों में मौसम इसी तरह बदलता रहा और आंधी तूफान के साथ बारिश हुई तो निश्चित तौर पर भारी नुकसान हो सकता है। उन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एक या दो दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाना है यदि अप्रैल के अंतिम दिनों में मौसम कुछ इसी तरह बना रहा तो तेंदू पत्ता की क्वालिटी खराब हो सकती है और लक्ष्य को पूरा करना मुश्किल भी हो सकता है। अब तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य मौसम पर ही टिका हुआ है हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया जा रहा है। यदि मौसम साफ रहा तो निश्चित तौर पर जल्द से जल्द तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा और संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

### कटघोरा में 76 हजार 300 मानक बोरा तो कोरबा में 53 हजार 300 मानक बोरा किया जाएगा संग्रहरण

जिले के कोरबा और कटघोरा मंडल में हर वर्ष बड़े पैमाने पर तेंदू पत्तों का संग्रहण किया जाता है। इस बार कटघोरा वन मंडल को 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है जब कोरबा वन मंडल को 53 हजार 300 मानक बोरा तेंदु पत्ता संग्रहण किया जाना है। दोनों ही वन मंडल में बड़े पैमाने पर छग के ठेकेदारों ने तेंदूपत्ता की खरीदी की है। इस बार छग के ही ठेकेदारों ने सबसे ज्यादा खरीदी कर कोरबा और कटघोरा वन मंडल के हरे पत्तों को अपने पास ही रखा है। यदि मौसम ने साथ दिया तो लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया जाएगा। यदि अप्रैल के अंतिम दोनों में बारिश शुरू हुई तो निश्चित तौर पर संग्रहण प्रभावित हो सकता है।

## ढुरेना में 44 लाख रुपए से तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, हुआ भूमिपूजन



भूमिपूजन करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत ढुरेना में सीएसआर मद से लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। यह परियोजना न केवल ग्राम के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती सुभद्रा कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। तालाब का सौंदर्यीकरण पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र ग्रामीणों के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, साथ ही जल स्तर को बनाए रखने और आसपास के पर्यावरण को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कार्य ग्राम के समग्र विकास और स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## निर्माणाधीन तीसरी मंजिल की दीवार गिरी पड़ोसी के घर, सो रहे पति, पत्नी और बच्चे दब गए मलबे में



घर में गिरा मलबा व उसमें दबे परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात तकरीबन 8.30 बजे से 9 बजे के मध्य तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई, जिसमें निर्माणाधीन दो मंजिल मकान के ऊपर की दीवार पड़ोस के मकान के ऊपर गिर गई। जिससे मकान का छप्पर टूट गया और सैकड़ों ईंट एक साथ मकान ने अंदर तेजी से गिर गए। मकान अंदर मौजूद पति, पत्नी और बच्चे सो रहे थे, ईंट में दब गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई, जिसके बाद पड़ोसियों ने दौड़ कर सभी को ईंट के मलबे से बाहर निकाला, तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर कपाटमुडा रोड निवासी संतोष वर्मा मकान निर्माण करा रहा था। मकान के तीसरी मंजिल में बना दीवार भरभरा कर बगल के अजय धनवार के घर के ऊपर जा गिरी। जिससे घर का छप्पर टूट गया और पूरा ईंट मलबा घर के अंदर सो रहे अजय धनवार, उसकी पत्नी और एक बच्चे के ऊपर गिर पड़ा। जिन्हें मोहल्लेवासियों की मदद से जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मकान अंदर रखे दोपहिया स्कूटी वाहन, बर्तन, बिस्तर इत्यादि अन्य समान भी क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल घर के भीतर ईंट का मलबा जस के तस पड़ा हुआ।

**खास बात**

- मोहल्लेवासियों की मदद से घायलों को अस्पताल में कराय गया दाखिल



फैक्ट्री में टैंक फटने से लगी आग एवं उसे बुझाता दमकल कर्मी।

## कार्बन फैक्ट्री में टैंक फटने से मचा हड़कंप, बाल- बाल बचे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कार्बन फैक्ट्री में सोमवार दोपहर एक टैंक फट गया। फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों में हड़कंप मच गया और किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। यह फैक्ट्री कार्बन बनाने का काम करती है। इसमें बाहर से टैंकरों के माध्यम से तरल पदार्थ लाकर टैंकों में रखा जाता है, जहां कार्बन तैयार किया जाता है। टैंक फटने के समय फैक्ट्री में कई महिला और पुरुष कर्मचारी मौजूद थे। टैंक फटने के बाद गर्महार्डपीच फैक्ट्री के अंदर फैल गया, जो बेहद गर्म था और किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

फैक्ट्री कर्मचारियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सीएसईबी के दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और गर्म पीच को पानी तथा फायर फोम की मदद से ठंडा किया। सीएसईबी के फायरमैन धर्मेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि फायर टीम को इंडस्ट्रियल एरिया में टैंक फटने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर दो टैंकर पानी और फोम का छिड़काव कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। टैंक फटने से अस पास फिला मलबा और गर्म हार्ड पीच पर फोम का छिड़काव पर किया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री में औद्योगिक नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहीं न कहीं लापरवाही के कारण ही यह घटना सामने आई है। फैक्ट्री के बाहर कोई बोर्ड भी नहीं लगा है, जिससे यह पता चल सके कि यहां क्या काम होता है। इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाले जहरीले केमिकल और धुएं से आसपास के लोग, खासकर पुलिस लाइन में रहने वाले परिवार, काफी परेशान हैं।

*कोरबा। स्व तुलसीराम देवांगन की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता ने जिले में खेल भावना और प्रतिभा को नई ऊर्जा प्रदान की। 13 अप्रैल से प्रारंभ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। इस अवसर पर महापौर संजू देवी सिंह राजपूत, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
क्रं/तह./2026
चाम्पा दिनांक 09/04/26

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीराम खरे पिता गोपाल खरे जाति सूर्यवंशी निवासी कोसमंदा तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता गोपाल के मृत्यु दिनांक 17/10/1994 स्थान पर कोसमंदा में होने पर पंजीयन हेतु आधार कार्ड, पटवारी प्रतिवेदन, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/4/26 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/26 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
दिनांक 9/4/26
पेशी दिनांक 22/4/26
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा**

## महिला आरक्षण बिल पर पूर्व मंत्री की पत्रकारवार्ता

# अधूरा कानून देश और महिलाओं दोनों के साथ अन्याय : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के विरोध में नहीं है बल्कि इसके अधूरे और भ्रामक स्वरूप के खिलाफ है। श्री अग्रवाल ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ छल किया जा रहा है। उनका आरोप है कि यह विधेयक समग्र और संतुलित नहीं है, बल्कि राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

उन्होंने सबसे बड़ी आपत्ति यह जताई कि बिल में ओबीसी और वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं है। इससे पिछड़े वर्ग की महिलाओं को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाएगा, जो सामाजिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि इस कानून को जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसकी सबसे बड़ी खामी है। इससे इसके लागू होने में कई वर्षों की देरी हो सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार की मंशा साफ है तो इसे तत्काल लागू करने की स्पष्ट समयसीमा क्यों नहीं तय की गई। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर यह कदम वास्तव में राजनीतिक छवि सुधारने और वोट बैंक साधने की रणनीति ज्यादा लगता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह विधेयक वर्तमान स्वरूप में लागू होता है तो समाज में असंतुलन बढ़ सकता है और वंचित वर्ग की महिलाएं प्रतिनिधित्व से बाहर रह सकती हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिद्धांत रूप में महिला आरक्षण का समर्थन करती है और इसे मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक मानती है। लेकिन उन्होंने मांग रखी कि ओबीसी एवं वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए अलग प्रावधान जोड़ा जाए, कानून को तत्काल लागू करने की स्पष्ट समयसीमा तय की जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित कानून को वर्ष 2024 से लागू करने के संकेत यह दर्शाते हैं कि सरकार की प्राथमिकता तत्काल क्रियान्वयन नहीं है।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# एक ही तरह की भूमिकाओं से बचने के लिए छोड़ दिया अभिनय

**मुंबई।** अभिनेता और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म डकैत में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

लाइफ Style



# जैस्मीन

## माता-पिता से कई बार मिला दर्द

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन, बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है।

जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- धुरंधर का टाइटल ट्रैक, शरारत, मैं और तू। इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी धुरंधर 2 के गाने जाइए सजना ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ।

हॉलीवुड मसाला



# कई टीवी फिल्मों में भी किया काम

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' और फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया। बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अभिनय किया।



# 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में जीते चार सीजर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डाउनटन एबे' और 'कैच मी इफ यू कैन' जैसी फिल्मों की मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री नथाली बे का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिनेत्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। नाथाली का जन्म 6 जुलाई 1948 को फ्रांस के नॉर्मंडी में हुआ था। उन्होंने पेरिस के नेशनल कंजर्वेटरी से अभिनय की ट्रेनिंग ली थी। 1970 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। उन्होंने अपने 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में चार सीजर अवॉर्ड जीते थे। नथाली के शुरुआती दिनों में फ्रॉंस्वा त्रुफ़ो की 'डे फॉर नाइट' और जीन-ल्यूक गोडार्ड की फिल्म शामिल हैं। उन्होंने मार्टिन गेरे की वापसी और वीनस ब्यूटी इंस्टीट्यूट जैसी लोकप्रिय फ्रेंच फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा हॉलीवुड में उन्होंने कैच मी यू केन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की मां का रोल निभाया।



# ब्रेकअप के बाद काफी टूट गई थीं ...


**मुंबई।** कल्कि कोचलिन देव डी, डायन, ये जवानी है दीवानी, भय जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है। अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्पी ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा, और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।' उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'




# राजा शिवाजी का ट्रेलर लांच, जुटी पूरी टीम

**मुंबई।** रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत राजा शिवाजी इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आई। अब इस इवेंट के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में जहां अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन रितेश की तारीफ करते हुए फिल्म में अपने शामिल होने की कहानी बताते हैं। जबकि कई अन्य वीडियोज में बाकी कलाकार एक-दूसरे मिलते और बात करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिषेक बच्चन से जब पूछा गया कि जब रितेश उनके पास फिल्म की कहानी लेकर गए, तो उन्होंने कितनी देर में हां कर दी? इस पर अभिषेक ने पहले मजाकिया लहजे में कहा कि मैं टाइम तो नोट नहीं कर रहा था।

टीवी मसाला




# तन्वी बनीं बिग बॉस मराठी सीजन 6 की विजेता, राकेश रहे पहले रनर-अप

**मुंबई।** बिग बॉस मराठी 6 फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे। तन्वी ने बाकी सभी खिलाड़ियों को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही उन्होंने 5 लाख रुपए का सूटकेस भी ठुकरा दिया था। 'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपए का वाउचर भी दिया गया है। 'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।

## ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में धुरंधर 2

**मुंबई।** धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है।



फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। 'भूत बंगला' के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर 2' मई के आखिर या जून के शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं।

# पति-पत्नी और वो दो का टीजर जारी मुश्किल में फंसे आयुष्मान

**मुंबई।** काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं। टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार।




# इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन कॉमेडी और थ्रिल का ट्रिपल डोज

**नई दिल्ली।** अप्रैल का पहला वीक काफी खास रहा। ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। दूसरा वीक भी कम दिलचस्प नहीं है। दर्शकों को एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का रोमांच मिलेगा। यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में डकैत और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी टोस्टर और मटका किंग सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है।

**प्रतिछाया** : यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**24** : अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।



**स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85** : यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

**एपेक्स** : यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## कपिल शर्मा शो के कारण एक्टिंग कॅरियर हुआ ठप, अर्चना को अफसोस!

# कई फिल्मों को किया मना, अब मेकर्स को नहीं दिला रहीं यकीन

*नई दिल्ली। अर्चना पूरन सिंह ने साल 1982 में महज 20 साल की उम्र में फिल्म 'निकाह' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। वह उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे और टीवी, दोनों पर साथ-साथ काम किया और दोनों ही मोर्चों पर शोहरत बटोरी। साल 1987 में वह नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म जलवा में लीड रोल में नजर आईं। अब तक 100 से अधिक फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकीं 63 साल की अर्चना को मौजूदा वक्त में 'द कपिल शर्मा शो' में जज के रूप में पहचाना जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस कॉमेडी शो ने उन्हें नए दौर में खूब पॉपुलैरिटी दी। लेकिन, एक्ट्रेस का मानना है कि कहीं ना कहीं इस कारण उनका एक्टिंग कॅरियर 'ठप' पड़ गया। ताजा इंटरव्यू में उनका यह दर्द छलका है, जो कहीं ना कहीं 'पछतावा' बनकर भी उभरा है। नब्बे के दशक में बाज और जज मुजरिम जैसी फिल्मों में आइटम नंबर, फिर'इंसान, कुछ कुछ होता है, दे दना दन और बोल बच्चन जैसी फिल्मों में अपने कॉमेडी अवतार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अर्चना पूरन सिंह ने 2019 में, नवजोत सिंह सिद्धू की जगह 'द कपिल शर्मा शो' में जज के तौर पर एंट्री की थी। इसके बाद से ही वह इस शो का हिस्सा हैं। यह शो पहले टीवी पर आता था और अब ओटीटी पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नाम से प्रसारित होता है।*

### दूसरे प्रोजेक्ट्स में काम करना था मुश्किल

इन दिनों नेटफ्लिक्स फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहीं अर्चना पूरन सिंह एक बातचीत में कहती हैं, 'इन बीते सालों में मैं फिल्मों में काम नहीं कर पाई। एक बार मुझे एक कॉल आया। उन्हें एक शूट के लिए 25 दिनों के लिए मुझे स्कॉटलैंड ले जाना था। लेकिन, मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर कहीं और फिल्म की शूटिंग करना मुमकिन नहीं था। पहले, जब यह शो टीवी पर आता था, तो हम साल में 100 एपिसोड शूट करते थे। यही वजह है कि मेरे पास कुछ और करने का समय ही नहीं होता था।' कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं कि लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।

### लोगों ने अप्रोच करना छोड़ दिया

अर्चना ने आगे कहा, 'कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। अब क्योंकि मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं, इसलिए लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।' हालांकि, एक्ट्रेस यह भी कहती हैं कि अब जब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है, तो उन्हें उम्मीद है कि उनके कॅरियर को एक नई जिंदगी मिलेगी। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं। उन्हें अब भी लगता है कि मैं कोई ऐसी इंसान हूं जो बस कुर्सी पर बैठकर हंसती रहती है।



### 'आदर्श बाल विद्यालय' सीरीज में दिखेंगी

वैसे, 'टोस्टर' से पहले अर्चना पूरन सिंह बीते साल 2025 में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की 'नादानियां' में नजर आई थीं। आगे वह केके मेनन के साथ वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में भी दिखेंगी।

### राजकुमार के साथ दूसरी बार काम

अर्चना पूरन सिंह फिल्म 'टोस्टर' में एक कॉमिक रोल में नजर आ रही हैं। राजकुमार राव के साथ यह उनका दूसरा कोलैबोरेशन है। इससे पहले दोनों 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में साथ काम कर चुके हैं। वह कहती हैं, 'राजकुमार ने मेरा काम 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा था। यह पहली बार था जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ काम कर रहे थे। इसी तरह 'टोस्टर' की शुरुआत हुई। अगर मैंने उस फिल्म में उनके साथ काम नहीं करती, तो शायद 'टोस्टर' का हिस्सा नहीं बन पाती।'

## खबर संक्षेप

### 26वी सीनियर स्टेट क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में धनंजय ने जीता स्वर्ण पदक



**अकलतरा।** पावर जिम एवं छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सयुंक्त तत्वधान में 26 वी छत्तीसगढ़ राज्य महिला एवं पुरुष पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन पावर जिम सेक्टर 6 भिलाई (दुर्ग) में 17 से 19 अप्रैल तक किया गया जिसमें सब जूनियर जूनियर सीनियर एवं मास्टर वर्ग के छतीसगढ़ के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ग्राम लटिया अकलतरा के धनंजय यादव ने 59 कि ग्राम वजन समूह सीनियर वर्ग में 190 किलो ग्राम स्कोट, 95 किलो ग्राम ब्रेंचप्रेस एवं 225 किलो ग्राम डेडलिफ्ट किया एवं टोटल 510 किलो ग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ ही साथ उन्होंने ग्राम लटिया ,अकलतरा जांजगीर चांपा जिले का नाम भी रोशन किया है। धनंजय यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच दिलीप पटेल व जरनल सेक्रेटरी कृष्णा साहू, विनोद सिंघानिया , अपने माता पिता एवं भैया को दिया।

### डीपीएस की प्राचार्य कल्पना सिंह बनीं सीबीएसई जिला समन्वयक

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह को सीबीएसई,सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिला प्रशिक्षण समन्वयक के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का परिणाम है, अपितु पूरे डीपीएस परिवार के लिए प्रेरणा और सम्मान का विषय भी है। श्रीमती सिंह का दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार के प्रति उत्कट प्रतिबद्धता और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर उनका प्रयास उन्हें इस प्रतिष्ठित भूमिका के लिए सर्वथा उपयुक्त बनाता है। ज्ञातव्य है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार समस्त विद्यालयों में शिक्षको को प्रति वर्ष 50 घंटे का कार्यकालिक प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। श्रीमती सिंह ने सीबीएसई, उत्कृष्टता केन्द्र भुनेश्वर के अंतर्गत जिले में इस प्रशिक्षण के ट्रेनिंग को ऑडिनेटर के रूप में कार्य करेगी। अब वे इस नई जिम्मेदारी के साथ, जिले भर के शिक्षकों के प्रशिक्षण, गुणवत्ता और संवर्धन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी, जिससे शिक्षा के नए स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।



### नकली खाद व कालाबाजारी पर कार्रवाई 3 विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

**सक्ती।** जिले में नकली खाद व कालाबाजारी को रोकने जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा विभिन्न उर्वरक विक्रय स्थलों और भंडारण केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम भातमहुल स्थित मेसर्स सक्ती आधुनिक एफ.पी.ओ., का लाइसेंस निलंबित किया गया। इसके साथ ही विकासखंड सक्ती के ग्राम लवसरा स्थित मेसर्स धनलक्ष्मी कृषि केंद्र एवं विकासखंड डभरा के ग्राम साराडीह स्थित मेसर्स कोमल प्रसाद जायसवाल के प्राधिकरण पत्र भी निलंबित किए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित फर्मों द्वारा विक्रय स्थल पर स्टॉक का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा था, किसानों को कैश व क्रेडिट मेमो जारी किए बिना ही बिक्री की जा रही थी तथा प्राधिकरण पत्र में दर्ज फर्म के नाम के बिना व्यापार किया जा रहा था। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अब तक जिले में कुल 48 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें 3 केंद्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, वहीं 17 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में शौर्यदीप ने प्राप्त किया 97 प्रतिशत अंक

**बम्हनीडीह-चांपा।** जिले के बम्हनीडीह निवासी शौर्यदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10वीं कक्षा की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में अध्ययनरत शौर्यदीप सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में शानदार उपलब्धि के साथ गणित और सोशल साइंस विषय मे 100 अंक हासिल किया है । शौर्यदीप ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता , गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है । शौर्यदीप वर्तमान में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में वाइस कैप्टन के पद पर चयनित होकर अपने जिले का नाम रोशन किया है । शौर्यदीप के पिता गोविंद सूर्यवंशी सेजेस बम्हनीडीह में व्याख्याता है वही उनकी माता राजेश्वरी सूर्यवंशी शिक्षक के पद पर पदस्थ है।



## निधन

### छतराम पटेल

**तनौद।** समीपस्थ ग्राम देवरी मोड़ के प्रतिष्ठित नागरिक छतराम पटेल का गुरुवार 16 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु समेत प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे मोजीराम पटेल के सुपुत्र एवं शिव प्रसाद पटेल संस्था प्रबंधक तनौद सेवा सहकारी समिति तनौद के चाचा थे।



विलंब से कार्यालय पहुंचने पर उपसंचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

# समाज कल्याण कार्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समाज कल्याण विभाग के कार्यालय का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित समय से विलंब से कार्यालय पहुंचने पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

- अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उपस्थित, होने दिए निर्देश
- लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 21 अप्रैल को समाज कल्याण विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक समाज कल्याण के निर्धारित समय से विलंब से कार्यालय पहुंचने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता के साथ तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही कार्यालयों में जवाबदेही, पारदर्शिता और कार्यकुशलता बनाए रखने के निर्देश दिए । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




निरीक्षण के दौरान चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।



आग से जलता पराली।

# असामाजिक तत्वों ने लगाई आग 100 एकड़ का पराली जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत देवरी और सोनियापाठ के मध्य खेतों में असामाजिक तत्वों द्वारा पैरा (पराली) में आग लगा दी गई। यह घटना 20 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे की है। आग लगते ही तेजी से फैल गई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस भीषण आगजनी में लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में फैली पराली जलकर राख हो गई।

- पशुओं के लिए उत्पन्न हो गई चारे की समस्या

इस घटना से खेतों में फैले पराली जो पशुओं के चारे के रूप में उपयोग होती है वह नष्ट हो गई। इससे गौ माताओं और अन्य पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न होगी। साथ ही पराली जलाने से वातावरण में प्रदूषण फैलता है और मिट्टी की उर्वरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उल्लेखनीय है कि पराली जलाना कानूनन अपराध है, इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा सारागांव मंडल अध्यक्ष संजय साहू ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि 27 अप्रैल से "गौ माता सम्मान दिवस" मनाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकारों से भारतीय संस्कृति और राष्ट्रहित में गौ संरक्षण के लिए आवश्यक अनुसंधान और अनुदान की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पराली जलाने से न केवल पशुओं के चारे की समस्या बढ़ती है, बल्कि अनेक जीव-जंतु भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अक्षय तृतीया पर 24 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर 20 अप्रैल को ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 24 बटुकों का उपनयन संस्कार एवं पत्रकार सम्मान समारोह अग्रसेन भवन नैला- जांजगीर में आयोजित किया गया।

- ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच ने अग्रसेन भवन में किया कार्यक्रम का आयोजन

आचार्य राजकुमार मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम गौरी गणेश पूजा,वास्तु पूजा, बेदी पूजा, चुलमाटी, देवतेला, चीकट मातृका पूजन करवाने के पश्चात बटुकों का उपनयन विधी विधान के साथ मंत्रोच्चार कर सम्पन्न किया गया और बैंड बाजे के साथ बारात निकाली गई। आयोजन के अंत मे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नैला रेलवे स्टेशन के सामने भगवान परशुराम चौक तक निकाली गयी, जहां भगवान परशुराम की अष्टधातु से बनी प्रतिमा के समक्ष महाआरती कर अंत मे नैला धर्मशाला में महाप्रसाद का वितरण किया गया । साथ ही अग्रेसन भवन में ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित कर जांजगीर के प्रबुद्ध पत्रकार को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रमुख यजमान चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा रहे। यज्ञोपवीत संपन्न ब्राह्मणों में विवेक तिवारी, भावेश कुमार पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, शिवांग पाण्डेय, रितुराज चौबे, घनश्याम तिवारी, पुष्कर मिश्रा, शौर्य मिश्रा, प्रांशुल पाण्डेय, अनुराग दुबे, पार्थ पाण्डेय, पीयूष दुबे, रुद्र उपाध्याय, लक्की पाण्डेय, प्रियांशु दुबे, नितिन पाण्डेय, मयंक पाण्डेय, स्वपनिल तिवारी, गौरव तिवारी, प्रखर उपाध्याय, प्रवीण उपाध्याय, पीयूष पाण्डेय, गोपी मिश्रा,जीतू शर्मा शामिल है। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा,सीता पांडेय, जयश्री शर्मा,बीना दुबे, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा,नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा,किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा,स्मृति गौरहा, नम्रता शर्मा, जूही गौरहा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर परशुराम जन्मोत्सव समिति के सदस्यगण,बटुकों के माता, पिता एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।



कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी, आचार्य व बटुक।

## सामूहिक रुद्राभिषेक...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 501 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। फोटो : हरिभूमि

### आईटीआई हसौद में इंटर्नशिप के लिए पंजीयन प्रारंभ

**हसौद।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आई टी आई हसौद में इंटर्नशिप 2.0 के तहत पात्र आई टी आई उत्तीर्ण युवाओं के लिए पंजीयन प्रकिया प्रारंभ किया गया है। यह पंजीयन प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 11बजे से 2तक किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत योग्य युवाओं, युवतियों को देश के प्रतिष्ठित उद्योगों में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ साथ कार्य का अनुभव भी प्राप्त होगा जो भविष्य में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

## माइक्रो चेयरपर्सन ने किया राशन सामाग्री का वितरण



गरीब परिवर की बेटी के शादी अवसर पर राशन सामग्री एवं सहयोग राशि प्रदान करती लीनेस क्लब की पदाधिकारी।

**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सी जी - 01 स्वर्णिम में डिस्ट्रिक्ट लीनेस क्लब सक्ती की चार्टर अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो के नेतृत्व में क्लब की डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रभा जायसवाल ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट अन्न दान के तहत एक गरीब परिवार की बेटी के शादी के अवसर पर आवश्यकता नुसार राशन सामाग्री, एवं सहयोग राशि प्रदान की और बेटी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सचिव लीनेस निकहत करीम खान, कोषाध्यक्ष एवं माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रिया दुबे , लीनेस मंजु जायसवाल,लीनेस अनीता सिंह, चेयरपर्सन लीनेस मीरा देवांगन , लीनेस कलेश्वरी साहु, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# समर कैम्प के आयोजन से बच्चों में होगा सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 20 से 30 अप्रैल तक समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया

**खास बात**

- हसदेव पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

है। कैम्प का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन एवं उपप्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी के मार्गदर्शन में हुआ।

इस दस दिवसीय समर कैंप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप के अंतर्गत बच्चों को तैराकीए आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक, स्पोकन इंग्लिश तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी आदि कई गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकताए आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को विभिन्न विषयों पर उपयोगी टिप्स एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।



समर कैम्प में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते बच्चे।

समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, सचिव अरुण कुमार झाझड़िया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल सहित सभी सदस्य, प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है और वे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ.साथ जीवन कौशल भी सीखते हैं।समर कैंप को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिल रही है।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कलेक्टर सख्त, खुद करेंगे फील्ड निरीक्षण

# जिले में 1 मई से लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर, समयबद्ध तैयारी करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी सुशासन तिहार को लेकर निर्देश दिए कि जिलेभर में 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविरों की तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही सभी विभाग समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित कर आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पीएम आवास, सड़क व शासकीय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों को सतत निरीक्षण और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने बताया कि वे स्वयं निर्माण स्थलों का फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना करते हुए प्रत्येक मकान की विस्तृत जानकारी संकलित करेंगे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण, वय वंदना योजना, एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र सहित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

